# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/577/2025 दिनांक : 15/12/2025

**सेवा में,**

प्रबन्धक/सचिव, प्रबन्ध समिति,
तथा प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डा० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

**विषयः–उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिए नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों (बी०एड० पाठ्यक्रम को छोड़कर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाइन निस्तारण के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

शासन के पत्र संख्या 1355/70–2029–28/2025 पार्ट–2 दिनांक 06 नवम्बर, 2025 के अनुपालन में, सत्र 2026–27 हेतु नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों (बी०एड० को छोड़कर) के प्रारम्भ के लिए अनापत्ति प्रस्तावों के ऑनलाइन आवेदन हेतु आज अन्तिम तिथि है। उक्त के सम्बन्ध में पूर्व में पत्र संख्या सम्ब0/487/2025 दिनांक 10.11.2025 एवं पत्र संख्या सम्ब0/514/2025 दिनांक 21.11.2025 द्वारा सूचना दी जा चुकी है। अनापत्ति हेतु आवेदन आज ही प्रत्येक दशा में पूर्ण करते हुये सबमिट करना सुनिश्चित करें।

साथ ही सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी महाविद्यालय अपने यहां संचालित पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता वैधता की जाँच कर लें तथा जिन पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता सत्र 2025–26 अर्थात दिनांक 30.06.2026 तक समाप्त हो रही है, उनके स्थायी/नवीनीकरण/विस्तार हेतु प्रस्ताव शासन की वेबसाइट https://henoc.upsdc.gov-in पर निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार ऑनलाइन अवश्य प्रस्तुत करें। समय–सारिणी के अंतर्गत आवेदन न किये जाने पर अनापत्ति/सम्बद्धता न प्राप्त होने की जिम्मेदारी महाविद्यालय की स्वयं होगी।

भवदीय

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रभारी कुलपति–सचिवालय, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रभारी बेवसाइट–सूचना को विश्वविद्यालय बेवसाइट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
3. अधिकृत ऐजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि सूचना को आज ही समस्त महाविद्यालयों की लोगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाईल।

कुलसचिव

Affisvlett